Title: Need to release the Central share of funds for various developmental programmes in Madhya Pradesh.

श्री चन्द्रमणि त्रिपाठी (रीवा) : सभापति महोदया, केन्द्र सरकार द्वारा पूर्ण रूप से संचालित योजनाएं तथा राज्य सरकारों के माध्यम से संचालित जो भी योजनाएं मध्य प्रदेश में चल रही हैं, उन योजनाओं में केन्द्र के द्वारा दी जाने वाली राशि को आबंटित किए जाने में विलंब हो रहा है। इनमें मुख्यतः राजमार्गों एवं केन्द्र संचालित आवास योजनाएं शामिल हैं। धनराशि के अभाव में योजनाएं ठप्प हैं या धीमी गति से चल रही हैं।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि मध्य प्रदेश के लिए विभिन्न योजनाओं के तहत दी जाने वाली धनराशि को बिना विलंब किए जारी करने का कट करें।